

ऐसा रहा भज्जी का करियर

पंजाब के 41 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने शानदार करियर में 103 टेस्ट में 417 विकेट, 236 एकदिवसीय मैचों में 269 विकेट और 28 टी–20 में 25 विकेट लिए है। इस ऑफ स्पिनर ने ट्वीट किया, 'मैं उस खेल को अलविदा कह रहा हूं जिसने मुझे जीवन में सब कुछ दिया है, सभी अच्छी चीजें भी समाप्त हो जाती हैं। मैं उन सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने इस 23 साल के लंबे सफर को बेहतरीन और यादगार बनाया।'

## क्रिकेट से संन्यास के बाद राजनीति की पिच पर उतरेंगे हरभजन?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के सबसे सफल स्पिनरों में से एक हरभजन सिंह ने शुक्रवार को क्रिकेट से संन्यास ले लिया। रिटायरमेंट की घोषणा करते ही चर्चा आम हो गई कि भज्जी राजनीति की पिच पर अपनी नई पारी की शुरुआत करेंगे। हालांकि वह इसे नकारते रहे। मगर अब 24 घंटे पहले अपने राजनैतिक भविष्य पर टर्बनेटर ने बड़ा बयान दिया है। हरभजन कहते हैं, मैं हर पार्टी के नेताओं को जानता हूं। अगर मैं पॉलिटिक्स में एंट्री करूंगा तो आप सभी को पहले बताऊंगा। चाहे वह राजनीति हो या कुछ दूसरा रास्ता, मेरा मकसद पंजाब की सेवा करना है। मैं अबतक किसी निर्णय पर नहीं पहुंचा हूं। कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के सवाल पर हरभजन सिंह कहते हैं कि उनके पास अलग–अलग पार्टियों से ऑफर आए हैं। नवजोत सिंह सिद्धू से मुलाकात बतौर क्रिकेटर की थी। मतलब साफ है कि मैदान पर अपनी गुगली से बल्लेबाजों को परेशान करने वाले भज्जी ऑफ द फील्ड भी बातों की गुगली फेंक रहे हैं। फिलहाल अपने पत्ते साफ नहीं किए हैं, लेकिन इतना तो है कि पंजाब चुनाव से ठीक पहले उनका संन्यास कोई इत्तेफाक तो नहीं।

# सूर्यकुमार यादव का क्रिसमस धमाका, चौके–छक्कों की बारिश

क्रिकेट

## 152 गेंदों में ठोके धुआंधार 249 रन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने मार मारकर धागा खोल दिया। मुंबई में दोहरा शतक ठोकते हुए इस खिलाड़ी ने मैदान के हर कोने में चौके–छक्के उड़ाए। 152 गेंदों में ठोकी गए 249 रन की धुआंधार पारी में 37 चौके और पांच छक्के भी शामिल थे।

**कब और कहां हुआ मैच?:** मुंबई अपने क्लब क्रिकेट के लिए मशहूर है। क्रिकेट की नर्सरी माने जाने वाले इसी शहर में लोकल बॉय सूर्यकुमार ने यह धमाल किया। 74वें पुलिस शील्ड क्रिकेट टूर्नामेंट में पारसी जिमखाना की ओर से खेलते हुए सूर्या ने यह यादगार पारी खेली। जिसके बूते उनकी टीम ने पय्यादे स्पोर्ट्स क्लब के खिलाफ पहली पारी में 90 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 524 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह टूर्नामेंट एमसीए यानी मुंबई



क्रिकेट एसोसिएश के बैनर तले पुलिस जिमखाना ग्राउंड, मरीन ड्राइव पर खेला जा रहा है।

**टेस्ट डेब्यू के इंतजार में सूर्या:** 199 मिनट तक क्रीज पर रहने वाले सूर्यकुमार यादव ने इस दौरान 163.82 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। SKY के अलावा आदित्य तारे ने 73, सचिन यादव ने 63 और विक्रांत ने 52 रन की धुआंधार पारी खेली। मालूम हो कि भारतीय टीम इस वक्त साउथ अफ्रीका दौरे पर है, जहां 26 तारीख से टेस्ट सीरीज की शुरुआत होनी है। सूर्यकुमार यादव को स्क्वॉड में जगह नहीं मिली। वह अब भी अपने टेस्ट डेब्यू के इंतजार में हैं। पहले इंग्लैंड और फिर न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में उन्हें जगह मिली थी, लेकिन प्लेइंग इलेवन में अबतक मौका नहीं मिल पाया।

**मुंबई इंडियंस ने किया रिटेन:** `टेस्ट सीरीज के बाद साउथ अफ्रीका में भारत को चार वनडे मैच की सीरीज भी खेलनी है, जहां इस 31 वर्षीय बल्लेबाज का चुना जाना लगभग तय है। मैदान के चारों कोने में शॉट लगाने की ताकत रखने वाले सूर्यकुमार घरेलू क्रिकेट में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करते आए हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस ने मेगा ऑक्शन से पहले उन्हें रिटेन भी किया है।

# जब रोहित शर्मा ने उतारी थी हरभजन सिंह की नकल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। 1998 से लेकर 2016 तक 18 साल में 711 विकेट लेने वाले हरभजन सिंह का करियर उतार–चढ़ाव से भरा रहा। खेल के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों के साथ खेलने वाले हरभजन सिंह ने दोपहर क्रिकेट के हर फॉर्मेट को अलविदा कह दिया। कभी अपने एक्शन के लिए जमकर डांट खाने वाले हरभजन सिंह को बाद में एक्शन ने ही अलग पहचान दिलाई। भारत में बच्चे उनकी नकल करते थे। एकबार तो रोहित शर्मा भी उन्हीं के अंदाज में गेंदबाजी करते नजर आए।

इस साल इंग्लिश टीम ने भारत का दौरा किया था। चेन्नई में खेले गए पहले टेस्ट के दूसरे दिन भारतीय गेंदबाज विकेट के लिए तरस रहे थे। तब कप्तान कोहली ने कुछ नया करने की कोशिश की। गेंद रोहित शर्मा को थमा दी। तब हिटमैन ने मुंबई इंडियंस के अपने पुराने साथी हरभजन सिंह की गेंदबाजी एक्शन की नकल उतारी थी। तब रोहित का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। लोगों को खूब पसंद आया था। रोहित ने दो ओवर की गेंदबाजी में सात रन दिए थे। हालांकि भज्जी का एक्शन भी उन्हें कोई विकेट नहीं दिला पाया। हरभजन ने भी ट्वीट कर रोहित शर्मा के मजे लिए थे।

> एक्शन के लिए डांट खाने वाले हरभजन सिंह को बाद में एक्शन ने ही अलग पहचान दिलाई

**हरभजन को इस बात का मलाल** 2015–16 में जब भज्जी शानदार लय में थे तब उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिली, लेकिन उन्हें किसी चीज पर पछतावा नहीं है। हरभजन ने कहा, किसी भी चीज को देखने के दो नजरिये होते है। अगर मैं जालंधर के एक छोटे से शहर के लड़के के रूप में खुद को देखूं तो जहां से मैंने शुरू किया था और मुझे जो सफलता मिली उसके बारे में बिल्कुल भी पता नहीं था। मैं केवल भगवान का शुक्रिया कर सकता हूं। मैं क्रिकेट के लिए काफी आभारी हूं।

हरभजन 2001 में ईडन गार्डंस में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले पहले भारतीय बने थे।

## मैच से पहले शाहीन दबाव में थेः शाहिद अफरीदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच जब कभी भी आइसीसी टूर्नामेंट में मैच खेला जाता है, रोमांच चरम पर होता है। इस मैच में दोनों ही टीम के खिलाड़ियों पर दबाव रहता है। आइसीसी टी20 विश्व कप में भारतीय टीम पर पाकिस्तान ने पहली बार जीत हासिल करने में कामयाबी पाई। इस मैच में युवा तेज गेंदबाज शाहीन शाह आफरीदी ने 31 रन देकर 3 विकेट लेने पर प्लेयर आफ द मैच चुना गया था। पूर्व पाकिस्तानी कप्तान शाहिद अफरीदी ने इस बात का खुलासा किया है कि मैच से पहले शाहीन दबाव में थे। भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच से पहले उन्होंने मुझे फोन किया था और अपनी यह बात साझा की थी। शाहीन ने भारत के खिलाफ इस मैच में शुरुआती ओवर में ही ओपनर रोहित शर्मा और केएल राहुल का विकेट चटकाकर टीम को बैटफुट पर धकेल दिया था। पूर्व कप्तान ने कहा, भारत के खिलाफ खेले जाने वाले पहले मुकाबले से पहले शाहीन ने मुझे वीडियो काल किया था और कहा कि मैं दबाव महसूस कर रहा हूं। हमने कुछ 11 या 12 मिनट बातें की।

## न्यूज डायरी



## साउथ अफ्रीका का पलड़ा भारत के खिलाफ क्यों है भारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सेंचुरियन। भारतीय टीम ने हाल के दिनों में विदेशी धरती पर टेस्ट प्रारूप में खूब सफलता हासिल की है और दक्षिण अफ्रीकी टीम इस बात से पूरी तरह से वाकिफ है। हालांकि इस टीम के कप्तान डीन एल्गर का मानना है कि रविवार से शुरू होने वाले तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में उनकी टीम का पलड़ा थोड़ा भारी रहेगा। एल्गर का कहना है कि हम अपने घरेलू मैदान पर खेलेंगे जिसकी वजह से मेहमान टीम में हम हावी रहेंगे। एल्गर ने सेंचुरियन में पहले टेस्ट मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि यह काफी हद तक बराबरी का मुकाबला है। हम घरेलू मैदानों पर खेल रहे हैं जिससे हमारा पलड़ा थोड़ा भारी रहेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम दुनिया में नंबर एक है और हम इसे इस तरह से नहीं देख सकते। एक क्रिकेट प्रेमी के रूप में मेरा आकलन है कि उनकी टीम पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन कर रही है। भारत ने हाल में जो कुछ किया आप उसका श्रेय उनसे नहीं छीन सकते हैं।

## साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में इस खिलाड़ी का बाहर बैठना तय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम साउथ अफ्रीका दौरे की शुरुआत तीन मैचों की टेस्ट सीरीज से करने वाली है। सीरीज का पहला मुकाबला बाक्सिंग डे यानी 26 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है। इस मैच में भारतीय कप्तान विराट कोहली और कोच राहुल द्रविड़ पहली बार जीत की योजना बनाते नजर आएंगे। टीम इंडिया इस मैच में 5 गेंदबाजों के साथ उतरने वाली है यह उप कप्तान केएल राहुल ने साफ कर दिया है। कैसा हो सकता है प्लेइंग इलेवन डालते हैं नजर। रोहित शर्मा के चोटिल होकर सीरीज से बाहर होने की सूरत में भारतीय टीम मयंक अग्रवाल और केएल राहुल की ओपनिंग जोड़ी के साथ मैच में उतरेगी। दोनों ही कर्नाटक से खेलते हैं और साथ में काफी घरेलू मुकाबले खेल चुके हैं। अजिंक्य रहाणे को उप कप्तानी गंवानी पड़ी है और अब उनकी जगह भी प्लेइंग इलेवन में बनती नहीं दिख रही। श्रेयस अय्यर ने डेब्यू पर पहली पारी में शतक जमाया जबकि दूसरी पारी में अर्धशतकीय पारी खेली।

## ऑस्ट्रेलिया के बोलैंड करेंगे टेस्ट डेब्यू, इंग्लैंड की टीम में चार बदलाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया रविवार से शुरू होने वाले तीसरे एशेज टेस्ट मैच में तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड को टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण का मौका देगा जबकि इंग्लैंड ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर होने वाले मैच के लिए अपनी टीम में चार बदलाव किए हैं। बोलैंड को इस सप्ताह के शुरू में टीम में लिया गया था तथा तेज गेंदबाज झाय रिचर्डसन और माइकल नेसर के मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बाहर होने से उन्हें मौका मिल रहा है। जोश हेजलवुड चोटिल होने के कारण पहले ही बाहर हैं, जिसका मतलब है कि कप्तान पैट कमिंस और बोलैंड आस्ट्रेलियाई एकादश में शामिल दो नए खिलाड़ी हैं। कमिंस कोविड–19 से संक्रमित व्यक्ति के करीबी संपर्क में आने के कारण एडिलेड में दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए थे और उनकी जगह स्टीव स्मिथ ने कप्तानी की थी जबकि नेसर को पदार्पण का मौका मिला था।

## निलंबित एनडीटीएल को वाडा से फिर मान्यता मिली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने बृहस्पतिवार को बताया कि विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) ने राष्ट्रीय डोप टेस्टिंग लेबोरेटरी (एनडीटीएल) को फिर मान्यता दे दी है । वैश्विक मानदंडों पर खरे नहीं उतरने के कारण 2019 में उसकी मान्यता ले ली गई थी। ठाकुर ने ट्वीट किया ,'' राष्ट्रीय डोप टेस्टिंग लेबोरेटरी को विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी से फिर मान्यता मिली । ''उन्होंने आगे लिखा ,''इससे खेलों में उत्कृष्टता का उच्चतम वैश्विक स्तर हासिल करने के भारत के प्रयासों को बल मिलेगा। यह भारत सरकार के अथक प्रयासों का परिणाम है।''डोपिंग उल्लंघन के मामले में वाडा की वैश्विक सूची में भारत तीसरे नंबर पर है।